गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, सोमवार, 26 जनवरी 2026





## जशक्राफ्ट को मिला राष्ट्रीय पहचान का नया मंच, जिले की स्व सहायता समूहों ने किया एमओयू

# बांस, छिंद, मिट्टी एवं लकड़ी से बनाए उत्पाद मिलेंगे एयरपोर्ट पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष रेयर प्लेनेट संस्था से हुआ ऐतिहासिक एमओयू

वन विभाग की पहल पर जिले में महिला सशक्तिकरण और वन आधारित आजीविका को नई दिशा देने वाला एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सान्निध्य में विगत दिवस बगिया में रेयर प्लेनेट संस्था तथा जशपुर जिले की स्व-सहायता समूहों जागरण, स्माईल आरती, राखी एवं मुस्कान समूह के मध्य जशक्राफ्ट ब्रांड के उत्पादों के विपणन हेतु अनुबंध समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के अंतर्गत अब जशपुर की जनजातीय महिलाओं द्वारा बांस , छिंद, मिट्टी एवं लकड़ी से निर्मित हस्तशिल्प, आभूषण एवं सजावटी उत्पाद देश के प्रमुख एयरपोर्ट्स पर संचालित रेयर प्लेनेट के बिक्री केंद्रों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध होंगे। इससे स्थानीय स्व-सहायता समूहों को स्थायी बाज़ार, बेहतर मूल्य तथा नियमित आय का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एमओयू को जशपुर की महिलाओं के लिए एक निर्णायक उपलब्धि बताते हुए कहा कि जशक्राफ्ट जैसे ब्रांड के माध्यम से हमारी आदिवासी बहनों की कला अब देशभर के लोगों तक पहुँचेगी। यह केवल उत्पादों की बिक्री नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, आर्थिक स्वतंत्रता और स्वावलंबन की मजबूत नींव है। राज्य सरकार का प्रयास है कि वन एवं परंपरागत ज्ञान आधारित आजीविका को बाजार से जोड़ा जाए, ताकि महिलाएं अपने गांव में रहकर

⏭ शेष पेज 6 पर




**केंद्र में महिला कारीगर:** इस पहल के केंद्र में आदिवासी महिला कारीगर हैं, जिनके हाथों से बिना मशीनों के बने उत्पाद परंपरा, प्रकृति और आत्मनिर्भरता का संदेश देते हैं। जशक्राफ्ट आज स्वदेशी ज्ञान से आकार लेते हुए एक टिकाऊ और सम्मानजनक आजीविका मॉडल के रूप में उभर रहा है। वनमण्डलाधिकारी जशपुर वनमण्डल जशपुर ने बताया कि वन विभाग द्वारा संचालित यह पहल महिला स्वावलंबन, वन आधारित आजीविका और स्थानीय उत्पादों के राष्ट्रीय बाजारीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध हो रही है, जो आने वाले समय में जशपुर को हस्तशिल्प के मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाएगी।

**उत्पादों की सराहना:** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा "जशक्राफ्ट" पर आधारित विशेष पुस्तक का विमोचन किया गया। उन्होंने जशक्राफ्ट के अंतर्गत तैयार किए गए आभूषणों एवं हस्तनिर्मित उत्पादों का अवलोकन कर उनकी गुणवत्ता, कलात्मकता और नवाचार की प्रशंसा की। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी एवं विधायक श्रीमती गोमती साय का जशक्राफ्ट ब्रांड के पारंपरिक आभूषण पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। जो महिला सशक्तिकरण और स्थानीय संस्कृति के सम्मान का प्रतीक बना। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा जशक्राफ्ट ब्रांड के प्रचार-प्रसार हेतु तैयार वीडियो का भी विमोचन किया गया, जिससे जशक्राफ्ट को व्यापक पहचान मिलने की उम्मीद है।

**सांस्कृतिक विरासत से जन्मा ब्रांड :** उल्लेखनीय है कि जशक्राफ्ट केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि जशपुर जिले की समृद्ध जनजातीय सांस्कृतिक विरासत की अभिव्यक्ति है। जिले की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या जनजातीय समुदायों से आती है, जहाँ पीढ़ियों से बाँस, कांसा घास, छिंद पत्ते, लकड़ी और मिट्टी से हस्तनिर्मित कलाकृतियाँ तैयार की जाती रही हैं। पूर्व में संगठित व्यवस्था और बाज़ार की कमी के कारण कारीगरों की प्रतिभा सीमित रह जाती थी। जिला प्रशासन की पहल से जशक्राफ्ट के रूप में ऐसा मंच तैयार हुआ, जो जशपुर के आठों विकासखंडों के कारीगरों को एकजुट कर उनकी कला को पहचान, संरक्षण और बाज़ार उपलब्ध करा रहा है।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं को साहिवाल नस्ल की दुधारू गायों का वितरण



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह निवास बगिया में गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन तथा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित डेयरी समग्र विकास योजना अंतर्गत दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग की पात्र महिलाओं को साहिवाल नस्ल की दो-दो दुधारू गायों का वितरण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पशुपालकों को पशुपालक स्वास्थ्य कार्ड भी प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने विधिवत गाय की पूजा की तथा अपने हाथों से चारा खिलाया। श्रीमती कौशल्या साय और जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय भी इस दौरान मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहा कि गाय को हम सभी माता मानकर पूजते हैं। गाय जीवनदायिनी है इसके दूध एवं दूध से बने उत्पाद हमें पोषण प्रदान करते हैं, वहीं गोबर और गौमूत्र का औषधीय सहित विभिन्न अन्य उपयोगों में भी महत्वपूर्ण योगदान है।

### कांसाबेल में सुनी मन की बात की 130वीं कड़ी



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांसाबेल में जन प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रेडियो वार्ता 'मन की बात' की 130वीं कड़ी सुनी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश की सकारात्मक सोच, नागरिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने वाला मंच है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए सभी उदाहरण यह दर्शाते हैं कि जनभागीदारी, नवाचार और कर्तव्यबोध से देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, लोकतांत्रिक सहभागिता और गुणवत्ता आधारित कार्य संस्कृति को अपनाने की अपील की।

### सरस्वती शिशु मंदिर में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी निर्देशन में जिले में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु नवीनतम तकनीकों के माध्यम से स्मार्ट क्लास का संचालन किया जा रहा है। आज की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय ने कांसाबेल विकासखंड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्मार्ट क्लास के शुभारंभ से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण संसाधनों का लाभ मिलेगा और उनकी सीखने की क्षमता में नया आयाम जुड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले के शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टिकोण से विगत माह जिला प्रशासन ने त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ था।

## मुख्यमंत्री ने कोतबा में 10 करोड़ की जल आवर्धन योजना का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- क्षेत्र के 8,500 से अधिक नागरिकों को मिलेगा घर-घर शुद्ध पेयजल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के विकास की कड़ी में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ते हुए नगर पंचायत कोतबा में जल आवर्धन योजनाश का विधिवत लोकार्पण किया। लगभग 9.85 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। इस योजना के प्रारंभ होने से क्षेत्र की लगभग 8,580 की आबादी के लिए शुद्ध और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर घर जल के संकल्प को तेजी से पूरा कर रही है। कोतबा की इस योजना से न केवल लोगों को स्वच्छ पानी मिलेगा, बल्कि जलजनित बीमारियों से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि शुद्ध जल न केवल एक आवश्यकता है, बल्कि यह एक स्वस्थ जीवन का आधार भी है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना आप सभी के जीवन में समृद्धि और

⏭ शेष पेज 6 पर



### पाइप लाइन का विस्तृत नेटवर्क

क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने के लिए विभाग ने पाइपलाइन का एक विस्तृत नेटवर्क तैयार किया है। इस वितरण प्रणाली के अंतर्गत क्षेत्र की विभिन्न गलियों और वार्डों में कुल 32,178 मीटर (32.17 किमी) लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। स्रोत से पानी लाने एवं शुद्धिकरण के लिए 20 एचपी क्षमता के शक्तिशाली 2 रॉ वाटर सेंट्रीफ्यूगल पंप एवं 2 नग क्लीयर वाटर सेंट्रीफ्यूगल पम्प का उपयोग किया गया है। इस नेटवर्क में 100 मिमी से लेकर 200 मिमी व्यास के टिकाऊ डी.आई. पाइपों का उपयोग किया गया है, ताकि पानी का दबाव बना रहे और भविष्य की जरूरतों को भी पूरा किया जा सके। विद्युत की सुचारू आपूर्ति हेतु सबस्टेशन स्थापित कर 25 केवीए के 02 नग ट्रांसफार्मर लगाए गए है।

### योजना का तकनीकी स्वरूप और विस्तार

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पूर्ण की गई इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल लागत लगभग 9.85 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने आज लोकार्पण के साथ ही इस योजना को विधिवत रूप से जनता की सेवा में समर्पित कर दिया है। परियोजना के तहत तकनीकी बुनियादी ढांचे को बेहद मजबूत बनाया गया है। इसमें एक आधुनिक इंटेक वेल और पंप हाउस निर्माण के साथ ही 1.50 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता का जल शुद्धीकरण संयंत्र स्थापित किया गया है, जो पानी की गुणवत्ता को मानकों के अनुरूप बनाए रखेगा। स्वच्छ जल के भंडारण के लिए 350 किलो लीटर क्षमता की विशाल आरसीसी उच्च स्तरीय टंकी (16 मीटर ऊंचाई) का निर्माण किया गया है।

## जिले की नौ मेधावी बालिकाओं को किया गया सम्मानित

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कोतबा में आयोजित कार्यक्रम में जशपुर जिले की नौ मेधावी बालिकाओं को मुख्यमंत्री विष्णु देव ने पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

कोतबा में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बालिकाओं के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें कक्षा दसवीं और बारहवीं में मेरिट में आने वाली बालिकाओं को 5 हजार और 3 हजार . की पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार और जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर ने बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता के मार्गदर्शन में राजेंद्र प्रेमी व्याख्याता ने बालिकाओं को कार्यक्रम स्थल तक उपस्थित कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई। सम्मानित होने वाली बालिकाओं में संकल्प जशपुर से पूर्णिमा पैंकरा, हर्षिता सिंह, पूजा चौहान, संकल्प पत्थलगांव से संजना पैंकरा, सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर से अनुष्का सिंह, ईशा सहारे, निशिता थवाइत, प्रयास जशपुर से स्तुति पांडेय, डीपीएस जशपुर से निशा एक्का रहे।

## समृद्धि एमकैड योजना : आधुनिक सिंचाई सुविधा से जुड़ेंगे बगिया क्लस्टर के 13 गांव





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समृद्धि कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन आधुनिकीकरण (एमकैड) योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश की मोहनपुरा एवं कुंडलिया वृहद सिंचाई परियोजनाओं का अध्ययन भ्रमण कर लौटे जशपुर जिले के किसानों के दल से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभव जाने। मुख्यमंत्री ने किसानों से पांच दिवसीय अध्ययन यात्रा के दौरान देखी गई व्यवस्थाओं, तकनीकों और वहाँ के ग्रामीण जीवन से जुड़ी जानकारियां विस्तार से पूछा और चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि समृद्धिद एमकैड योजना के क्रियान्वयन से बगिया क्लस्टर के प्रत्येक गांव को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। आधुनिक तकनीक से खेतों तक पानी पहुंचेगा, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में स्थायी सुधार आएगा। उन्होने कहा कि किसानों के अनुभव इस बात का प्रमाण हैं कि यह योजना जशपुर के लिए एक मॉडल सिंचाई परियोजना सिद्ध होगी। इस मौके पर अध्ययन भ्रमण दल में शामिल ग्राम नरियरडांड की किसान नेहा गुप्ता, ग्राम बांसबहार के किसान शिवशंकर साय, ग्राम चोंगरीबहार के किसान संजीवन कुमार राम सहित अन्य मौजूद थे।

## जशपुर पर्यटन होमस्टे का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख इको-पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत के अग्रणी होमस्टे प्लेटफॉर्म होमस्टेज़ ऑफ इंडिया ने जशपुर जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ शासन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू 25 जनवरी 2026 को जिले के मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया निवास में संपन्न हुआ। यह समझौता जशपुर को राज्य में जिम्मेदार एवं सतत पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक अहम पहल है।

समझौते पर रोहित व्यास, जिला कलेक्टर, जशपुर तथा विनोद वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार अधिकारी होमस्टेज़ ऑफ इंडिया प्रा. लि. द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठ शासकीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि यह पहल राज्य सरकार की इको-पर्यटन, समावेशी विकास एवं समुदाय-नेतृत्व वाले आर्थिक विकास की परिकल्पना के अनुरूप है। स्थानीय संस्कृति और प्रकृति पर आधारित प्रामाणिक पर्यटन अनुभवों के माध्यम से यह परियोजना जशपुर की पहचान को सशक्त करेगी और उसे राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य पर्यटन मानचित्र में स्थापित करने में सहायक होगी।











In-Bus Features
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
#Specialorderbus
सितारा बस सर्विस
डेली सर्विस जशपुर टू रायपुर बिलासपुर
Washroom
2X1 Charging point
Full AC
On-time Arrival
Bus Stand Bagicha Chhattisgarh-496224 | +91 9752969888, 9406311888, 9516161672


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दीपक नागेश
भाजपा मंडल महामंत्री महादेवडांड
एवं BDC महुआडीह



गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता
शमशेर आलम
हरिभूमि प्रतिनिधि महादेवडांड
मो. 9752969888


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सरपंच
श्रीमती प्रतिभा तिग्गा
सचिव
श्री बसंत राम
उपसरपंच सीताराम महंत
ग्राम पंचायत मरोल


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री अभय किशोरी एक्का
सरपंच
श्री सुखेश्वर राम
सचिव
ग्राम पंचायत ढ़ोडरम्बा


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सरपंच
श्रीमती सरिता बाई
सचिव
श्री गोकुल प्रसाद
ग्राम पंचायत घुघरी


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कस्तूरबा गांधी
महाविद्यालय महादेवडांड
अधीक्षिका
मेलानी एक्का
एवं समस्त स्टाफ


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सरपंच
श्रीमती खुशबू मिंज
सचिव
श्री रामदेव विश्वकर्मा
ग्राम पंचायत बासेन


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सरपंच
श्रीमती प्रभा कुजूर
सचिव
श्रीमती रेखा गुप्ता
ग्राम पंचायत पिरई


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सरपंच
श्री मंगरूराम
सचिव
श्रीमती बिरजनी बाई
ग्राम पंचायत महुवाडीह


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री बहादुर शेखर
सरपंच
जागेश्वर यादव
उपसरपंच
श्री मेलानूयुस लकड़ा
सचिव
ग्राम पंचायत घोघर


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती गायत्री नागेश
जनपद अध्यक्ष, बगीचा


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लखुराम
सरपंच
अनूप साय, सचिव
ग्राम पंचायत कुरोंग


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री मोहन साय
सरपंच
श्रीमती पुष्पा मिंज
सचिव
ग्राम पंचायत बोड़ापहरी


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री प्रवीण मिंज
सरपंच
ग्राम पंचायत गुडलू


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुरोंग
महादेवडांड जिला जशपुर छ.ग.
जगदीश यादव, प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र महादेवडांड
प्रभारी एवं समस्त स्टाफ

## खबर संक्षेप



### एसएसपी राजेश अग्रवाल को कॉलर बैच लगाकर दी गई डीआईजी के पद पर पदोन्नति

अंबिकापुर। राज्य सरकार ने एसएसपी राजेश अग्रवाल को डीआईजी के पद पर पदोन्नति प्रदान की है। पदोन्नति उपरान्त सरगुजा आईजी दीपक झा ने कॉलर बैच लगाकर श्री अग्रवाल को डीआईजी के पद पर पदोन्नत किया। बता दें कि 23 जनवरी को राज्य सरकार ने 2012 बैच के आईपीएस अधिकारियों को आवंटन वर्ष से 14 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर मैट्रिक्स लेवल 13 का वेतनमान प्रदान किया है। इसी क्रम में सरगुजा एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल को भी डीआईजी के पद पर पदोन्नति दी गई है। आदेश जारी होने के बाद एसएसपी आईपीएस राजेश कुमार अग्रवाल को आईजी सरगुजा दीपक झा ने कॉलर बैच लगाकर पदोन्नति प्रदान की। राजेश कुमार अग्रवाल वर्तमान मे सरगुजा जिले में एसएसपी के पद पर पदस्थ है, इस दौरान जिले में अपराधों के रोकथाम, निराकरण के दिशा में सराहनीय कार्य किया गया है। डीआईजी व एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल पूर्व मे जिला रायगढ़ जशपुर सूरजपुर बलरामपुर और कवर्धा मे पुलिस अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके है। सराहनीय सेवा हेतु डीआईजी व एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल को राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक से नवाजा जा चुका है।

### भोर तक डीजे बजाकर मचाया उत्पात, दो गिरफ्तार



अंबिकापुर। देर रात डीजे बजाकर उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने पिकअप वाहन समेत डीजे को जब्त किया है। इसके साथ ही दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बचवार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कुछ लोगों द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 67 सीटी 1734 में डीजे बजाकर उत्पात मचा रहे थे जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। आरोपियों ने पूरी रात और भोर में 5 बजे तक जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब डीजे संचालक से अनुमति आदेश मांगा तो वे कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। ऐसे में पुलिस ने शंकरगढ़ लडुवा निवासी 22 वर्षीय नीरज कुमार आ. हरवंश राम, 21 वर्षीय लक्ष्मण आ. रामू पनिका को गिरफ्तार करने के साथ ही डीजे साउण्ड 10 नग, आडियो टोन मशीन 3 नग, मिक्सर 1 नग, डिस्को लाईट 8 नग, जनरेटर 1 नग व पिकअप वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### सहायक ग्रेड 3 पद पर लिखित परीक्षा 3 फरवरी को

अम्बिकापुर। जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा सहायक ग्रेड 3 (संविदा) के 02 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। अभ्यर्थियों से 16 से 31 दिसंबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण चयन समिति द्वारा किए जाने के पश्चात 13 जनवरी के माध्यम से पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर 13 से 19 जनवरी तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा निराकरण उपरांत अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। उक्त सूची का प्रकाशन जिले की आधिकारिक वेबसाइट तथा कार्यालय के सूचना पटल पर किया गया है। जिले के अपर कलेक्टर ने बताया कि इस हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 3 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे लाइवलीहुड कॉलेज अंबिकापुर में किया जाएगा। लिखित परीक्षा में केवल पात्र अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकेंगे।

## विवि के पुराने परीक्षा एवं गोपनीय विभाग में हो रहा कक्षाओं का संचालन

# दशकों बाद एसजीजीयू के फार्मेसी विभाग को मिला अपना भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- लैब में मिलेगी प्रायोगिक कार्यों की सुविधा

वर्षों से भवन की समस्या से जूझ रहे एसजीजीयू शिक्षण विभाग अंतर्गत संचालित फार्मेसी विभाग को विवि प्रबंधन ने पर्याप्त उपलबध कराया है। फार्मेसी विभाग का संचालन विवि के पुराने भवन में स्थित परीक्षा एवं गोपनीय शाखा में किया जा रहा है। नए भवन में पहली बार विभाग का अत्याधुनिक लैब भी बनाया गया है।

गुरू घासीदास विवि द्वारा वर्ष 2005 में सरगुजा परिसर के रूप में फार्मेसी विभाग की स्थापना की गई थी। परिसर का अपना भवन नहीं होने के कारण स्थापना काल से ही विभाग का संचालन उधार के भवन में हो रहा था। वर्ष 2008 में सरगुजा विवि की सथापना होने पर विवि प्रबंधन ने फार्मेसी विभाग से शिक्षण विभाग की शुरूआत की। प्रारंभ में विभाग द्वारा डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा था। एसजीजीयू द्वारा फार्मेसी काउंसिल से मान्यता लेने के उपरांत वर्षों से डिप्लोमा के साथ ही स्नातक पाठ्यक्रम का संचालन वर्षों से किया जा रहा है।




एसजीजीयू के कुलपति के साथ विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी।

### पहली बार स्थापित हुआ लैब

स्थापना के 25 साल बाद भी फार्मेसी विभाग के पास अपनी प्रयोगशाला नहीं थी। गिने चुने उपकरणों से विद्यार्थी प्रयोगशाला की गतिविधियों की खनापूर्ति करते थे। हर साल विवि को शक्षण शुल्क के रूप में मोटी रकम देने वाले फार्मेसी विभाग पर विवि के अधिकारियों ने कभी ध्यान नहीं दिया और विद्यार्थियों को डिग्री, डिप्लोमा बांटने की खानापूर्ति करते रहे। पहली बार विवि द्वारा फार्मेसी विभाग के लैब की स्थापना की गई है। लैब का संचालन विवि परिसर स्थित सेंट्रल बैंक के ऊपर की मंजिल में किया जा रहा है। लैब के लिए विवि द्वारा 7 लाख की मशीनें खरीदी गइ्र हें वहीं 5 लाख की अन्य मशीनें खरीदने की तैयारी की जा रही है। मशीनों के माध्यम से विभाग के प्रयोगशाला में दवाएं बनाने की प्रारंभिक तैयारियां, दवा बनाने में उपयोग किए गए रसायनों का परीक्षण, वनस्पतियों एवं रसायनों के औषधीय गुणों का परीक्षण, दवा की गुणवत्ता, उपयोग एवं कमियों की जांच व विश्लेषण किया जा सकेगा। नई मशीनें आने के बाद उच्चस्तरीय रिसर्च भी संभव हो सकेगा।

दोनों पाठ्यक्रमों में 30-30 सीटें स्वीकृत हैं तथा हर साल दोनों पाठ्यक्रमों की सीटें भर भी जाती हैं लेकिन भवन के अभाव में कक्षाओं के संचालन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। स्वयं का भवन नहीं होने के कारण वर्षों तक फार्मेसी विभाग का संचालन उधार के संकरे भवनों में होता रहा। पिछले कुछ सालों से फार्मेसी विभाग का संचालन प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के निकट एक शासकीय भवन के दो कमरों में हो रहा था। इसके पूर्व लम्बे समय तक विभाग का संचालन राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय भवन, राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय, लखनपुर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज भवन एवं ग्राम पंचायत भकुरा स्थित विवि के निर्माणाधीन परिसर में किया गया था। लम्बे अर्से बाद विवि प्रबंधन ने एसजीजीयू के पुराने प्रशासनिक कार्यालय भवन में संचालित परीक्षा एवं गोपनीय शाखा के भवन का सुधार करा फार्मेसी विभाग को सौंपा है। कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले ने 16 जनवरी को फीता काटकर नए भवन में फार्मेसी विभाग का उद्घाटन किया था। अब विभाग की कक्षाएं इसी भवन में संचालित हो रही हैं।

#### नया भवन बनाने की तैयारी

शासन द्वारा एसजीजीयू के विभिन्न भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है लेकिन राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण वर्षों से निर्माण अटका पड़ा है। विवि के पास फार्मेसी विभाग के शिक्षण शुल्क का लगभग 5 करोड़ रूपए जमा है। विवि प्रबंधन द्वारा विभाग की राशि से भवन निर्माण की पहल प्रारंभ की गई है। इस संबंध में विवि प्रबंधन हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से भवन निर्माण कराने के संबंध में चर्चा कर रहा है।

#### नहीं होगी कोई समस्या

फार्मेसी विभाग की जरूरतों के अनुसार पुराने प्रशासनिक भवन स्थित परीक्षा एवं गोपनीय शाखा भवन में सुविधाएं विकसित की गई है। विभाग के एवं पुस्कालय की भी स्थापना की गई है। अब विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को कोई असुविधा नहीं होगी।

-डॉ. एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

## दो चेक डेम निर्माण में बरती गई भारी लापरवाही
## बोल्डर व सीमेंट के बजाय मिट्टी से कर दिया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- 12-12 लाख की लागत से किया गया है निर्माण

वन्यजीव संरक्षण और जंगल में जल-स्रोत विकसित करने के नाम पर प्रतापपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत नावाडीह गांव के जंगल में नियम को दरकिनार कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। महज 50 मीटर के दायरे में ही दो चेक डेम का निर्माण किया है। हैरानी की बात तो यह है कि 12-12 लाख की लागत से निर्मित दोनों चेक डेम में नियम के विपरीत ही निर्माण किया गया है। कैंपा मद से लगभग 24 लाख रुपये खर्च दिखाकर बनाए गए दो चेक डैम भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई है।

चेक डैम निर्माण में तकनीकी, पर्यावरण और कानूनी सभी नियमों को दरकिनार कर किया गया। जहां नदी के बीचो-बीच पत्थर, बोल्डर और सीमेंट से मजबूत संरचना बनाई जानी थी, वहां सिर्फ मिट्टी डालकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। न सीमेंट न गिट्टी, न पत्थर ऐसे में सवाल उठता है कि 12-12 लाख रुपये प्रति डैम की राशि कहा खर्च की गई है। इसके अलावा जिस कार्य को मजदूरों से कराया जाना था, वहां जेसीबी मशीन से धड़ल्ले से काम कराया गया। बावजूद इसके कागजों में मजदूरी दर्शाकर फर्जी मस्टररोल भरे गए। यह न केवल वित्तीय अनियमितता है, बल्कि दस्तावेजी जालसाजी और सरकारी धन के गबन का सीधा मामला है। महज 50 मीटर की दूरी में दूसरा चेक डैम बनाकर यह स्पष्ट कर दिया गया कि न तो जल-संरक्षण की मंशा थी और न ही वन्यजीवों की चिंता। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से अंजाम दिया गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस निर्माण के नाम पर दर्जनों हरे-भरे छोटे-बड़े पेड़ों की अवैध कटाई कर दी गई। कई पेड़ों को जेसीबी से जड़ समेत उखाड़ दिया गया। जिस विभाग का काम जंगल बचाना है, वही विभाग वन अधिनियम, पर्यावरण नियम और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को खुलेआम उल्लंघन कर रहे है।

#### मिली है जानकारी

चेक डेम निर्माण मानक अनुरूप नहीं हुआ है इसकी जानकारी प्राप्त हुई है। इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने के लिए डीएफओ को अनुशंसा की जा रही है। कार्य में भारी अनियमितता पाई गई है। सर्कल के फारेस्ट दरोगा और वन पाल को कारण बताओ नोटिस जारी की जाएगी। वन्य जीवों के लिए बना रहे इस कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

-संस्कृति बारले
एसडीओ वन विभाग

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपियों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास



अम्बिकापुर। लोन कार्ड बंद करने का झांसा देकर व्यक्ति से 5 लाख 99 हजार 5 सौ की ठगी करने के मामले में सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए आरोपियों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 3-3 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विनोद कुमार दुबे ने बताया कि घटना कोतवाली क्षेत्र का है। जिसमें आरोपियों ने लोन कार्ड बंद कराने का झांसा देकर अखिलानंद राजवाड़े को फोन कर कहा लोन कार्ड बंद करना है जिस पर अखिलानंद सहमत हो गया। इस बीच आरोपी चंदन पंथी एवं विकास पासी द्वारा धोखाधड़ी कर उसके खाते से कई बार में कुल 5 लाख 99 हजार 5 सौ रुपए निकाल लिया। अखिलानंद ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 34 व 66 डी के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी चंदन पंथी, विकास पासी को न्यायिक मजिस्ट्रेट आकांक्षा सक्सेना द्वारा प्रकरण में धारा 420, 34 व 66 डी के मामले में 19 जून 2024 को दोष मुक्त किया गया था। इसके उपरांत सत्र न्यायालय में शासन की ओर से अपील पेश किया गया। आरोपी चंदन एवं विकास द्वारा प्रार्थी अखिलानंद राजवाड़े से 5 लाख 99 हजार 5 सौ रुपए ठगी किए थे। जिसमें सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज द्वारा अपीलार्थी विनोद कुमार दुबे शासन की ओर से पेश करने पर आरोपी को धारा 420 में 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास और 3-3 लाख रुपए का अर्थदंड की राशि से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि को प्रार्थी अखिलानंद राजवाड़े को प्रदान करने आदेशित किया गया है।

## बलरामपुर-रामानुजगंज टू-लेन सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



बलरामपुर–रामानुजगंज मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत से 29 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण की शुरुआत से ही ठेकेदार की लापरवाही बरतने से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

सड़क को आवागमन योग्य बनाए रखने के लिए गड्ढों को भरने में लापरवाही बरती जा रही है। पानी का छिड़काव नहीं किए जाने के कारण सड़क पर धूल के गुबार उड़ रहे हैं, जिससे प्रतिदिन राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे रहने वाले लोग धूल के कारण बीमार पड़ रहे हैं तो वहीं बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर जिला पंचायत के सभापति एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष बद्री यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जामवंतपुर में विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने और नियमित पानी का छिड़काव नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान बद्री यादव ने कहा कि जिस प्रकार से ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है, वह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।

प्रतिदिन लोग परेशान हो रहे हैं और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का भी कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार मनमानी तरीके से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है और क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि सड़क गुणवत्तापूर्ण बनेगी। लेकिन विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाए, नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### राष्ट्रीय क्वांन की डो मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने जीते 12 मेडल

अंबिकापुर। 7वीं राष्ट्रीय स्तर क्वांन की डो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम ने भाग लिया। जम्मू कश्मीर इंडोर स्टेडियम में 16 से 18 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड, 5 सिल्वर व 1 ब्रोंज मेडल जीता। जम्मू-कश्मीर क्वांन की डो संघ और क्वांन की डो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 62 खिलाड़ीयो ने भाग लिया और 8 खिलाड़ियों ने डबल इवेंट मे क्वांनस मे भी भाग लिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश क्वान की डो संघ के महासचिव अमन गुप्ता ने बताया की इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 19 गोल्ड मेडल, 11 सिल्वर मेडल, और 19 ब्रोंज मेडल जीते। चैंपियनशिप में सरगुजा जिले से 15 बच्चों ने कोच अमन गुप्ता, पल्लवी, साकेत द्विवेदी, शशी प्रभा लकड़ा के साथ पार्टिसिपेट किया। स्पर्धा में केशव अग्रवाल, राघवी जयसवाल, पहल अग्रवाल, एंजल रोज खाखा, प्रगति सिंह पैंकरा, रौनिका तिग्गा ने गोल्ड मेडल, दिव्या राजवाड़े, विनीत राजवाड़े, संजना सूर्यवंशी, श्यामांश अग्रवाल, वाणी जायसवाल आदि बच्चों ने सिल्वर मेडल, सृष्टी साहू ने ब्रोंज मेडल जीता। संघ के कार्यकारणीय अध्यक्ष संजय अम्बष्ट, महासचिव व मुख्य कोच अमन गुप्ता, सावित्री तिवारी, पल्लवी, वसी ओवैसी, अंजली सिंह, मोहम्मद शराफत आदि कोच ने सभी खिलाड़ियों और टीम कोच और मैनेजर को बधाई दी।




### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा क्विज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा क्विज़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आयोजक विद्यालय सहित कुल 8 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। क्विज का आयोजन ऑपरेशन सिंदूर एवं स्वदेशी विषयों पर किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, जागरूकता तथा बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना था। यह प्रतियोगिता दो स्तर में मध्य स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें कुल 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें 67 प्रतिभागी अन्य विद्यालयों से तथा 33 प्रतिभागी आयोजक विद्यालय से थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजन स्थल के प्रभारी एवं प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनके उत्साह, ज्ञान एवं सहभागिता की सराहना की।



## चोरी का कोयला व परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी कड़ी में गत दिन चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कुसमुसी तरफ से एक बिना नंबर के ट्रैक्टर में अवैध रूप से ग्राम रगदा का बेला राजवाड़े अपने ड्राईवर के साथ चोरी का पत्थर कोयला लोड कर रगदा की ओर आ रहा है।

सूचना पर बसदेई पुलिस ने ग्राम रगदा में घेराबंदी कर ट्रैक्टर को रोकवाया जिसमें पत्थर कोयला लोड़ था, कोयला संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर ग्राम रगदा निवासी बेला राजवाड़े आ. राय ( 31 वर्ष) व संजय राजवाड़े आ. सरजू प्रसाद ( 24 वर्ष) द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पत्थर कोयला चोरी का होने के अंदेशा पर धारा 35(1-घ)/303(2)के तहत कार्रवाई कर 10 हजार कीमत के 2 टन कोयला, परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि भास्करपारा ओपन कास्ट माइंस से कोयला चोरी कर बिक्री करने हेतु ला रहे थे। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह व अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।



## विद्यार्थियों से पढ़ाई, अनुशासन और साफ-सफाई पर ध्यान देने की बात कही

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रूपा यादव बनीं एक दिन की प्रधानपाठक

हरिभूमि न्यूज : रामानुजनगर

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला मिशन समन्वयक मनोज साहू के मार्गदर्शन में शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं की छात्रा रूपा यादव को एक दिन के लिए विद्यालय का प्रधान पाठक बनाया गया।




कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार यादव ने औपचारिक रूप से रूपा यादव को विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों एवं विभिन्न गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना का विकास करना रहा। एक दिन की प्रधानपाठक बनीं रूपा यादव ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, कक्षाओं में संचालित शिक्षण कार्य, शौचालयों की स्थिति तथा पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई, अनुशासन और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही भृत्य एवं छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पेयजल की समस्या सामने आने पर रूपा यादव ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर के नाम पत्र लिखकर जल व्यवस्था सुधारने की मांग की, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उनका यह कदम उनके नेतृत्व कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है। इस अवसर पर रूपा यादव ने कहा कि उनका सपना है कि वे भविष्य में शिक्षिका बनकर शिक्षा के क्षेत्र में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करें। कार्यक्रम के संबंध में शिक्षक योगेश साहू ने बताया कि यह आयोजन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त सामाजिक पहल है। शासन की मंशा है कि प्रत्येक बेटी को सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर प्राप्त हों। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है और वे अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के महेंद्र पटेल, कृष्ण कुमार यादव, अनीता सिंह, योगेश साहू, रघुनाथ जायसवाल, सरिता सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रासेयो का दिवसीय शिविर, हुए विविध कार्यक्रम

सलका अघिना। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका अघिना के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन 16 से 22 जनवरी तक ग्राम पंचायत नया करकोली में किया गया है।

शिविर के माध्यम से एनएसएस के स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार चक्रधारी ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर के प्रथम दिवस छात्र छात्राओं ने स्वच्छता कार्य कर आवास के लिए उचित व्यवस्था की। ग्राम पंचायत नया करकोली के सरपंच देव कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या शिविर में नहीं होने देंगे। गांव के छोटे बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया। शिविर के द्वितीय दिवस योग और पीटी के माध्यम से शरीर को स्वच्छ रखने के लिए योग और पीटी प्रतिदिन आयोजित किया। तीसरे दिवस बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलना हमे एक सफल इंसान बनाने से नहीं रोक सकती। स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार राय ने स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत और उनके जीवन के बारे में विस्तार से बताया। आकाशवाणी से आए एस धर्मेंद्र नायडू ने भी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। शिविर के चौथे दिवस भटगांव ठनकी टीम ने यातायात जागरूकता और सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित कर सुरक्षा से संबंधित नियम कानून के बारे में बताया। शिविर के पांचवे दिवस बाल संरक्षण अधिकारिन्मानीज जायसवाल ने स्वयंसेवकों और गांव के लोगों एवं बच्चों को बार सुरक्षा अधिनियम एवं पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया।



## खबर संक्षेप



### शिक्षक कर रहे हैं पेड़ पौधों की सुरक्षा

**सरिया।** बसंत पंचमी भारतीय जीवन दर्शन का सजीव प्रतीक है। जहां धर्म, विज्ञान, मनोविज्ञान और प्रकृति एक दूसरे से अलग नहीं है बल्कि, एक ही चेतना के विविध रूप है। वसंत ऋतु पर प्रकृति हर वर्ष स्वयं को नया करती है और मातृभूमि की श्रृंगार करती है। ऋतुराज बसंत के आगमन पर अंचल के प्रकृति प्रेमी एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजेंद्र चौहान विगत कई वर्षों से प्रकृति की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं।

### नौकरी के लिए 2870 युवाओं का पंजीयन

**रायगढ़।** आगामी 29, 30 एवं 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 15 हजार रिक्त पदों पर चयन की कार्रवाई नियोक्ताओं द्वारा की जाएगी। रोजगार मेले में अधिसूचित रिक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### आज बंद रहेगी शराब दुकान

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में मदिरा शुष्क दिवस का आदेश जारी किया है। इस आदेश के पालन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सीमा में संचालित समस्त देशी, विदेशी और कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों जैसे देशी मदिरा दुकान सीएस 2 घघ, कंपोजिट मदिरा सीएस 2 घघ कंपोजिट, विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 घघ कंपोजिट दुकानों एवम मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता, सीएस 2 ग अहाता, सीएस 2 ग कंपोजिट अहाता, एफ एल 1 ख अहाता पूर्णतः बंद रहेगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बांस, छिंद, मिट्टी ...

सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह एमओयू 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' की अवधारणा को साकार करता है तथा जशपुर की जनजातीय महिलाओं को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में एक ठोस पहल है। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, पत्थलगांव क्षेत्र की विधायक गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कलेक्टर रोहित व्यास, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार सहित स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं रेयर प्लैनेट संस्था के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने कोतबा ...

बेहतर स्वास्थ्य लेकर आए।ष मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार हर गांव और हर घर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए संकल्पित है। लोकार्पण समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय विधायक पत्थलगांव गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कमिश्नर सरगुजा नरेंद्र दुग्गा, आईजी सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, डीआईजी शशि मोहन सिंह, डीएफओ जशपुर शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, नगर पंचायत कोतबा के अध्यक्ष हितेंद्र कुमार पैंकरा अन्य विभागीय अधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समारोह में मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भिक मतदान करने दिलाई गई शपथ

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन स्वर्ण जयंती सेमीनार हॉल, शासकीय राम भजन राय एन.ई.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अमरेन्द्र, प्राचार्य शासकीय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर द्वारा की गई।

- नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदाय कर मतदाता बनने पर किया गया सम्मान
- एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारी हुए सम्मानित

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनार्दन खरे, प्रथम सिविल न्यायाधीश, वरिष्ठ प्रभाग और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन सिंह, सचिव जिला विधि सेवा प्राधिकरण सचिव श्वेता बघेल, द्वितीय सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ प्रभाग, क्रांति कुमार सिंह, प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, प्रथम सिविल न्यायाधीश, चौतली खाण्डेकर, द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ प्रभाग पूनम नसीम अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिओम द्विवेदी, बूथ लेवल अधिकारी, माय भारत वॉलिंटियर, नए मतदाता सहित निर्वाचन कार्यालय व महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री साहू ने समारोह में मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भिक बिना प्रलोभन के मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाताओं का लोकतंत्र में बहुत बड़ा योगदान है। प्रत्येक मतदाता किसी न किसी रूप में लोकतंत्र में अपना योगदान कर रहा है। सबकी सहभागिता से लोकतंत्र बना है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि वोट करना सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए वोट आवश्यक करें। एक अच्छा सुशासन बनाने में सहयोग करने के लिए मतदान करना अति आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को अपने मतों का उचित रूप से प्रयोग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आज हम विश्व का सबसे बड़ा सफल लोकतंत्र में है यह हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि है। समारोह में मुख्य अतिथि एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदाय करते हुए मतदाता बनने पर स्वागत कर उनका सम्मान किया गया। साथ ही एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारी को भी प्रशस्ति पत्र प्रदाय सम्मानित किया गया।

अपर कलेक्टर श्री साहू ने नये मतदाओं और युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वयस्क होने पर अपना नाम मतदाता सूची में आवश्य जुड़वाएं। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए सरल प्रक्रिया किया गया है। सभी युवा घर बैठे ऑनलाईन के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जोड़वा सकते हैं और किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार कर सकते हैं। उन्होंने मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। प्रत्येक मतदाता को मतदाता सूची में अपना पंजीयन आवश्यक कराना चाहिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जशपुर जिले अंतर्गत तीन विधान सभा है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12 में 338 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13 कुनकुरी में 298 मतदान केन्द्र एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14 पत्थलगांव में 298 मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय, अनुविभाग एवं तहसील मुख्यालय पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में 23 दिसम्बर 2025 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। वर्तमान में पुरुष मतदाता संख्या 301574, महिला मतदाता संख्या 308921 एवं थर्ड जेण्डर के 14 सहित कुल मतदाता संख्या 614509 हैं। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से आने वाले प्रत्येक निर्वाचन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शासकीय एन.ई.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेन्द्र ने भी अपने उदबोधन में मतदाताओं को जाकरूक करते हुए अपने मतों का प्रयोग करने की अपील की। इसके साथ ही माय भारत के वॉलिंटियरों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से उन्होंने नये मतदाताओं का स्वागत किया और युवाओं को मतदान हेतु प्रेरित किए। अंत में मुख्य अतिथि एवं अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

# विशाखापट्टनम के प्रमुख शैक्षणिक स्थलों को देखकर उत्साहित हुए जिले के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

समग्र शिक्षा ,राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र ,छात्राओं का अंतरराज्यीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिला कलेक्टर रोहित के निर्देश पर जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम ले जाकर 19 से 24 जनवरी तक एक्पोजर विजिट कराया गया।

- अंतरराज्यीय शैक्षणिक भ्रमण पर 19 से 24 जनवरी तक रहे जिले के विद्यार्थी

19 जनवरी को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता सिंह और जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुनकुरी बालेश्वर यादव के द्वारा दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दूसरे दिन बच्चे मैत्री गार्डन भिलाई पहुंचकर वन्य प्राणियों का अध्ययन करते हुए अपनी जिज्ञासा शांत किया,साथ ही भिलाई स्टील प्लांट की स्थापना और बॉक्साइड से ठोस लोहे तक की यात्रा को समझा।तीसरे दिन भिलाई से प्रस्थान करने के बाद दल विशाखापट्टनम आंध्र प्रदेश पहुंचा, जहां छात्र,छात्राओं ने सबमरीन म्यूजियम, एयर क्राफ्ट म्यूज़ियम, का अध्ययन किया। चौथे दिन के भ्रमण की शुरुआत फिशिंग हार्बर, से प्रारंभ होकर आर के बीच, ट्रिनिटी पार्क,सागर नागर बीच होते हुए कैलाशगिरी पर्वत पर समाप्त हुई। जहां विद्यार्थियों ने बोट निर्माण, मछली व्यापार, समुद्री जहाज,भारतीय तट रक्षा व्यवस्था के साथ आयात निर्यात की प्रणाली को समझने का प्रयास किया । छात्र,छात्राओं ने विशाखापत्तनम की स्थानीय बोली ,भाषा ,संस्कृति के साथ साथ स्थानीय पाक, खान पान, बाजार और अर्थव्यवस्था को भी अध्ययन किया। खूबसूरत समुद्री तट के किनारे बैठकर आती जाती लहरों को निहारते हुए बच्चों का उत्साह देखते बनता था।जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेंद्र कुमार सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन से अंतरराज्यीय शैक्षणिक भ्रमण विशाखा पत्तनम,आंध्रप्रदेश का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।यह भ्रमण सभी विद्यार्थियों के ज्ञान और अनुभव में वृद्धि करेगा इस आशा एवं विस्वास के साथ कार्यक्रम का समापन 24 जनवरी को किया गया।

# पानीपत से साइकिल से राष्ट्रयात्रा पर निकले दीपक

## 10 हजार किमी तय कर पहुंचाएंगे देशभक्ति और विकास का संदेश

**जशपुरनगर।** हरियाणा के पानीपत से देशसेवा का संकल्प लेकर निकले दीपक शर्मा इन दिनों एक अनोखी और प्रेरक साइकिल यात्रा पर हैं। 25 मई को शुरू हुई उनकी यह राष्ट्रयात्रा करीब 10 हजार किलोमीटर लंबी है, जो देश के 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। इस दौरान वे चारधाम सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचेंगे। रविवार को अपनी इसी यात्रा के दौरान दीपक शर्मा जशपुर पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों से संवाद कर राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

दीपक शर्मा ने 25 मई को हरियाणा के पानीपत से अपनी साइकिल यात्रा की शुरुआत की। छह महीनों में 10 हजार किलोमीटर की दूरी तय करने का लक्ष्य लेकर वे द्वारकाधीश, रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी और बद्रीनाथ जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। यह यात्रा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि राष्ट्रभावना से ओतप्रोत जनजागरण अभियान भी है। यात्रा के दौरान दीपक शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत के 9 संकल्पों' का संदेश आम लोगों तक पहुंचा रहे हैं। वे जहां भी रुकते हैं, वहां स्कूलों में बच्चों से मिलते हैं, युवाओं से संवाद करते हैं और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं। उनका कहना है कि यदि हर नागरिक ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करे, तो भारत को आगे बढ़ने से कोई ताकत नहीं रोक सकता है।

### ऑपरेशन सिंदूर और शहीदों को समर्पण

दीपक शर्मा की यह यात्रा सेना और बलिदान की भावना से भी जुड़ी है। वे महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े ऑपरेशन सिंदूर का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। साथ ही हर पड़ाव पर शहीदों को नमन करते हुए देशसेवा की भावना को मजबूत कर रहे हैं।दीपक शर्मा प्रतिदिन साइकिल से 50 से 60 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस यात्रा में न तो कोई बड़ा स्पॉन्सर है और न ही सरकारी सहायता। केवल आत्मविश्वास, संकल्प और देशप्रेम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' का संदेश

चारधाम यात्रा के साथ-साथ दीपक शर्मा पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं। जशपुर पहुंचने पर उन्होंने मातृ वन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. जी.एस. जात्रा, डीपीओ विपिन शर्मा, डीपीएम राजीव रंजन मिश्रा, अधिवक्ता जे.पी. सिन्हा, सतेंद्र जाल्हे और वन विभाग के विनोद भगत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। दीपक शर्मा का कहना है कि उनकी यात्रा भले ही भौगोलिक रूप से बद्रीनाथ में समाप्त होगी, लेकिन असली मकसद देश के कोने-कोने में जागरूकता, देशभक्ति और विकास की सोच को मजबूत करना है। उनका मानना है कि आजादी को केवल मनाने की नहीं, बल्कि उसे अपने कर्म और जिम्मेदारी से निभाने की जरूरत है।

### जनजागरण अभियान के तहत हिर्री में सांसद ने लगाई चौपाल

**घरघोड़ा।** सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मण्डल लेंधरा बरमकेला के ग्राम हिर्री में विकसित भारत – गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण। वीबी जी राम जी के जनजागरण अभियान के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद ने सहभागिता करते हुए ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया। ग्राम चौपाल में किसान, श्रमिक, आमजन एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर सांसद ने वीबी जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना पारंपरिक मनरेगा की तुलना में अधिक प्रभावी, व्यापक एवं भविष्य-उन्मुख है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के अंतर्गत रोजगार के साथ-साथ आजीविका संवर्धन, कौशल विकास तथा टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# आरोहन में नन्हें बच्चों ने प्रस्तुत की सांस्कृतिक कला की मोहक झांकी




**तमनार।** ओपी जिंदल स्कूल, राबो में वार्षिकोत्सव आरोहन 2025-26 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया व अपने में निहित प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसे उपस्थित अतिथियों ने खुब सराहा। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को व प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम आरपी पाण्डेय, महाप्रबंधक, मानव संसाधन कर्मचारी सेवाएं जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य, ऋषिकेश शर्मा, विभागाध्यक्ष, सीएसआर जेपीएल तमनार, राजेन्द्र डनसेना, प्रबुद्ध नागरिक, श्रीमती निन्द्रवती राठिया, श्रीमती रमन्ती राठिया, सरपंच, ग्राम पंचायत राबो, डा. यशवंत डनसेना, सहायक महाप्रबंधक, उद्यानिकी व डेयरी विभाग, श्रीमती शीतल पटेल, प्रबंधक, जेपीएल तमनार, प्रदीप कुमार, प्रधान पाठक, ओपी जिंदल स्कूल, राबो, अविभावकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं ओपी जिंदल के छायाचित्र के पर विधिवत मंत्रोच्चारण, दीप प्रज्ज्वलन पश्चात अतिथियों का स्वागत के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार ने स्वागत वाचन करते हुए स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं विद्यालयीन उपलब्धी व लक्ष्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ऋषिकेश शर्मा ने कहा कि जिंदल फाउण्डेशन, सीएसआर जेपीएल राबो बांध परिक्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सदैव तत्पर रही है। विशेषकर शिक्षा के बेहतरी के लिए ओपी जिंदल स्कूल, राबो का उन्नयन किया गया है।

# केवट प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु, उमड़ा जनसैलाब



**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरापाठ के मेडरपाठ में इन दिनों भक्ति और अध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ आयोजित भव्य श्रीराम कथा के पांचवें दिन धर्म प्रेमियों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा, जिससे पूरा पंडाल छोटा नजर आने लगा। अपनी आस्था और अटूट श्रद्धा के कारण दूर-दराज के गांवों से हजारों राम भक्त कथा श्रवण के लिए पहुंचे और प्रभु की महिमा का गुणगान किया। वर्तमान में मेडरपाठ का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय और मंगलकारी हो गया है।

इस भव्य आयोजन में परम शक्ति धाम, गोरखपुर पेंड्रा रोड के पीठाधीश्वर परमात्मानंद महाराज सुमधुर वाणी से भक्तों को मानस का रसपान करा रहे हैं। कथा के पांचवें दिन महाराज जी ने जब प्रभु श्री रामचंद्र, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास जाने के प्रसंग की शुरुआत की, तो पूरा वातावरण शांत और भावुक हो गया। महाराज जी ने 'केवट प्रसंग' की व्याख्या करते हुए बताया कि किस तरह एक साधारण से दिखने वाले केवट ने अपनी चतुराई और अटूट प्रेम से साक्षात ब्रह्म को अपने प्रेम के वश में कर लिया।

उन्होंने चौपाई 'अति आनन्द उमंगी अनु रागा, चरण सरोज पाखरन लागा' के माध्यम से केवट की उस मानसिक दशा का वर्णन किया, जब वह प्रभु के चरण पखारते हुए आनंद के अतिरेक में डूबा हुआ था। महाराज जी ने बताया कि केवट ने न केवल प्रभु को नाव से गंगा पार कराया, बल्कि अपनी निस्वार्थ सेवा से प्रभु के हृदय में भी स्थान बना लिया। कथा की विशेषता यह है कि यहां प्रतिदिन प्रभु की लीलाओं को मनमोहक और सजीव झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसे देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। संध्या आरती के अवसर पर क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि यह आध्यात्मिक महोत्सव 27 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा। आगामी सोमवार को इस महायज्ञ के दौरान विशेष धार्मिक संस्कार भी संपन्न कराए जाएंगे, जिसमें सामूहिक यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार और कर्णवेध संस्कार मुख्य रूप से शामिल हैं। इन संस्कारों में सम्मिलित होने के इच्छुक परिवार समिति से संपर्क कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही, यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ हजारों लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों और धर्म प्रेमियों से इस पुण्यमयी कथा और भंडारे में सपरिवार सम्मिलित होने की भावभरी अपील की है। इनमें मुख्य रूप से पंडरापाठ भाजपा मंडल अध्यक्ष देवलाल, उपसरपंच दिलीप, सन्ना मंडल अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिशंकर यादव, नरेंद्र यादव, राजकुमार यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# टॉपटेन में शामिल दो छात्र हुए सम्मानित



**चंद्रपुर।** शैक्षणिक वर्ष 2024.25 में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में सरस्वती अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र प्रवीण प्रजापति ने राज्य में चतुर्थ स्थान तथा छात्र शुभम देवांगन ने राज्य में दशम 10 स्थान प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है।

विद्यार्थियों को रायपुर के लोक भवन में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत हुए मेघावी छात्र सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्यपाल रमेन डेका द्वारा प्रवीण प्रजापति एवं शुभम देवांगन को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रवीण प्रजापति और शुभम देवांगन की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का प्रतिफल है। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, शिक्षकों एवं सरस्वती अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चंद्रपुर के मार्गदर्शन को दिया।

### पेंशन और वेतन निर्धारण निराकरण के लिए 27 को कैंप

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव के अवसर पर पेंशन एवं वेतन निर्धारण से जुड़े लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले में यह कैम्प 27 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।




## गहिरा गुरु के बताए सन्मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

# कोतबा में श्री विष्णु महायज्ञ का समापन



**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा में बसंत पंचमी पर विश्व कल्याण की कामना के साथ आयोजित चार दिवसीय 'श्री विष्णु महायज्ञ' का रविवार को भव्य समापन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन कुंड में आहुतियों के साथ पूरा नगर भक्तिमय हो गया। गुरुवार से शुरू हुए इस महायज्ञ में हजारों की संख्या में संत समाज के अनुयायियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में श्री विष्णु महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान अखंड रामायण पाठ और वैदिक ऋचाओं से वातावरण शुद्ध और पवित्र हो गया। यज्ञशाला में यजमानों ने विश्व शांति और समाज के कल्याण के लिए आहुतियां दीं। कार्यक्रम का समापन रविवार को पूर्णाहुति और रोजाना विशाल भंडारे के साथ हुआ। यज्ञ के दौरान आयोजित सत्संग सभा में संत समाज के प्रणेता 'त्यागमूर्ति संत गहिरा गुरु रामेश्वर जी' की महिमा का विशेष बखान किया गया। यज्ञाचार्य विद्याकांत तिवारी महाराज ने गहिरा गुरुदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रसंत गहिरा गुरु केवल एक संत नहीं, बल्कि एक युगपुरुष थे। उन्होंने वनांचल और आदिवासी समाज के बीच सनातन धर्म की अलख जगाई। उन्होंने समाज को नशामुक्ति का पाठ पढ़ाया, शिक्षा का प्रसार किया और मांसाहार छोड़कर सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। महाराज जी ने बताया कि गहिरा गुरु जी ने ही 'सनातन संत समाज' की स्थापना कर लोगों को संगठित किया और उन्हें स्वावलंबन का मार्ग दिखाया।

### सनातन धर्म और यज्ञ का विज्ञान

प्रवचन करते हुए रविशंकर पांडेय ने सनातन धर्म की प्राचीनता पर बल देते हुए कहा कि अन्य धर्मों की उत्पत्ति का समय ज्ञात है, लेकिन सनातन धर्म आदि-अनादि काल से चला आ रहा है। वहीं, पंडित श्यामलाल शर्मा ने यज्ञ के वैज्ञानिक महत्व को समझाते हुए बताया कि यज्ञ से उत्पन्न ऊर्जा और धुआं पर्यावरण को शुद्ध करते हैं और नकारात्मकता का नाश करते हैं। आचार्य शिवकुमार शर्मा ने 'सेवा परमो धर्मः' के सूत्र को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

### कीर्तन यात्रा और नगर भ्रमण

यज्ञ के समापन से पूर्व, शनिवार की पूरी रात भजन-कीर्तन का दौर चला। रविवार अलसुबह, सूर्योदय से पूर्व ही श्रद्धालुओं ने ढोल-मांदर और झांझ-मंजीरों के साथ भव्य कीर्तन यात्रा निकाली। हरि नाम संकीर्तन करते हुए हजारों भक्तों ने नगर भ्रमण किया, जिससे पूरा कोतबा 'जय श्री राम' और 'हरि बोल' के उद्घोष से गूंज उठा। इस धार्मिक अनुष्ठान में कोतबा नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों से भारी भीड़ उमड़ी। मुख्य रूप से फरतबहार, फरसाटोली, पतराटोली, पटवाजोर, गोलियागढ़, सागरपाली, कोकियाखार, महुवाडीह, बारो, कुम्हारबहार, झारमुंडा और गोलिडीह समेत दर्जनों गांवों से संत समाज के अनुयायी और मातृशक्तियां शामिल हुईं। रविवार को वैदिक विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति दी गई।

### किन्नर समाज के लिए वित्तीय साक्षरता शिविर

**रायगढ़।** किन्नर समाज को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रणी बैंक रायगढ़ द्वारा रायगढ़ में विशेष वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज डीएफएस के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गयाए जिसका उद्देश्य किन्नर समाज को सुरक्षित और औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है।

